बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

पत्रांक – प्र010/ख0वि0अधि0–02/2016– 1582 खाद्य, पटना/दिनांक–28·3·17

प्रेषक,

भरत कुमार दूबे,
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी।

विषय :– खरीफ विपणन मौसम, 2016–17 अंतर्गत जिलों में स्थापित सी0एम0आर0 क्रय केन्द्र को क्रियाशील बनाते हुए पैक्सों एवं व्यापार मंडलों के स्तर पर संग्रहित सी0एम0आर0 प्राप्त करने के संबंध में।

प्रसंग :– संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉ का पत्र सं0 2296 दिनांक 07.03.2017

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक एवं संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉ से प्राप्त प्रासंगिक पत्र की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि खरीफ विपणन मौसम, 2016–17 अंतर्गत पैक्स/व्यापार मंडलों के स्तर पर 6.83 लाख मे0टन सी0एम0आर0 संग्रहण के परिप्रेक्ष्य में बिहार राज्य खाद्य निगम द्वारा अबतक मात्र 2.72 लाख मे0टन सी0एम0आर0 प्राप्त करने की ओर विभाग का ध्यान आकृष्ट किया गया है। साथ ही जिलों में बिहार राज्य खाद्य निगम के द्वारा स्थापित सी0एम0आर0 क्रय केन्द्रों के क्रियाशील नही रहने से संबंधित कारणों का उल्लेख करते हुए अधिप्राप्ति की चक्रिय व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की गयी है।

अतः संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉ से प्राप्त प्रासांगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि पत्र में वर्णित परिस्थितियों के आलोक में जिलों में स्थापित सी0एम0आर0 केन्द्रों की समीक्षा करने की कृपा की जाय। साथ ही समीक्षोपरांत उन्हें शत–प्रतिशत क्रियाशील बनाने तथा पैक्स/व्यापार मंडलों के स्तर पर संरक्षित सी0एम0आर0 को शीघ्र प्राप्त करने की कृपा की जाय।

अनु0 – यथोक्त।

विश्वासभाजन,
Dubey 28/3/17
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक प्र010/ख0वि0अधि0–02/2016– 1582 खाद्य, पटना/दिनांक–28·3·17
प्रतिलिपि – संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉ को उनके पत्रांक 2296 दिनांक 07.03.2017 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Dubey 28/3/17
सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक प्र010/ख0वि0अधि0–02/2016– 1582 खाद्य, पटना/दिनांक–28·3·17
प्रतिलिपि – प्रमुख अधिप्राप्ति, बिहार राज्य खाद्य निगम, खाद्य भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Dubey 28/3/17
सरकार के विशेष सचिव।